Raj Express (Indore), 30th November 2024, Page-03

पहल

## आईआईटी इंदौर ने इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए किया एमओयू साइन

# नई तकनीकी चुनौतियों का समाधान करने कार्यबल करेंगे विकसित



● इंदौर/ राज न्यूज नेटवर्क

आईआईटी इंदौर और ग्लोबल कैपेबलिटी सेंटरव ग्लोबल इश्योरेंस और एसेट मैनेजमेंट लीडर सन लाइफके माइक्रोकोज्म सन लाइफ ग्लोबंल सॉल्यूशंस (एसएलजीएस)ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य इनोवेशन को बढ़ावा देना है, जिसमें विशेष रूप से बीमा के क्षेत्र में जोखिम मूल्यांकन, क्लेम सेटलमेंट और ग्राहक की संतुष्टि में सुधार सहित एआई/एमएल, डेटा एनालिटिक्स और जनरेटिव एआई जैसी पीढ़ी की नई प्रौद्योगिकियों का उपयोग शामिल रहेगा। आईआईटी इंदौर के निदेशक प्रोफेसर सुहास जोशी ने कहा, यह सहकार्य जोखिम मूल्यांकन, क्लेम प्रोसेसिंग और ग्राहक की संतुष्टि में सुधार के लिए एआई/एमएल, डेटा एनालिटिक्स और जनरेटिव एआई को लागू करने पर केंद्रित रहेगा। मुख्य उद्देश्य जीसीसी क्षेत्र में नई तकनीकी चुनौतियों का समाधान करने में सक्षम कुशल कार्यबल विकसित करना है।

### बीमा उद्योग पर देंगे विशेष ध्यान

प्रो. जोशी ने कहा यह साझेदारी अकादमिक और उद्योग के बीच की आवश्यकता को पूरा करने में मदद करेगी, जो हमारे अकादमिक उत्कृष्टता को सन लाइफ की विशेषज्ञ क्षमताओं के साथ जोड़ेगी। इस सहकार्य में संयुक्त अनुसंधान पहल, प्रौद्योगिकी स्थानांतरण और भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम के लिए समर्थन भी शामिल होगा। इस साझेदारी के माध्यम से, सन लाइफ का लक्ष्य जीसीसी क्षेत्र में नई तकनीकी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम कुशल कार्यबल को विकसित करने में मदद करके उत्पादकता को बढ़ावा देना और सर्विस डिलीवरी को बढ़ाना है। इसमें बड़े पैमाने पर बीमा उद्योग पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस सहकार्य से जोखिम मूल्यांकन, क्लेम सेटलमेंट और ग्राहक वर्ग जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण नवाचारों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जो सभी बड़े परिवर्तन के कगार पर हैं। इन उन्नतियों का लाभ उठाकर, सन लाइफ अपनी प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और ग्राहकों को असाधारण सेवाएं प्रदान करने में सक्षम होगी।

### बाजार में गति करेगी तेज

सॉल्यूशंस के प्रबंध निदेशक तरुण सरीन ने कहा, एसएलजीएस में, हमारा लक्ष्य अपनी व्यावसायिक रणनीतियों के लिए प्रमुख सक्षमकर्ताओं के रूप में प्रौद्योगिकियों को अपनाकर नवाचार को और बढ़ाना है। आईआईटी इंदौर के साथ सहकार्य करने से आधुनिक और पारंपरिक दोनों प्रणालियों के लिए इंजीनियरिंग पद्धतियों, फ्लेक्सबिलटी और दक्षता में नए मानक स्थापित करने की हमारी प्रतिबद्धता मजबूत होती है। एआई, क्लाउड और अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों में क्षमताओं को अपनाकर और बढ़ाकर, हम ग्राहक के प्रति व्यवहार में महत्वपूर्ण बदलावों को संबोधित करेंगे। हम क्लेम की रोकथाम, वॉयस बायोमेट्रिक्स और फेशियल एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों में विकास को गति दे रहे हैं। इसके अलावा , आईआईटी इंदौर के साथ साझेदारी में हैकथॉन और विचार-विमर्श चुनौतियों के माध्यम से, हम इंजीनियरिंग उत्कृष्टता की संस्कृति स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं जो बाजार में हमारी गति को तेज करेगी।